



नवभारत
इंदौर, शुक्रवार, 13 मार्च 2026



# सतत मेहनत से हासिल हो सकता है कोई भी लक्ष्य : विधायक भीमावद

## बीकेएसएन महाविद्यालय में एनएसयूआई के हंगामे के बीच हुआ स्नेह सम्मेलन

**शाजापुर। प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, बीकेएसएन शासकीय महाविद्यालय शाजापुर में गुरुवार को वार्षिक स्नेह सम्मेलन का आयोजन किया गया। स्नेह सम्मेलन में एक तरफ तो विद्यार्थियों ने रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी, वहीं दूसरी ओर एनएसयूआई पदाधिकारियों ने कॉलेज प्रबंधन पर उचित सम्मान नहीं देने का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा किया।**





स्नेह सम्मेलन का शुभारंभ विधायक अरुण भीमावद के मुख्य आतिथ्य में किया गया। विशिष्ट अतिथि के रूप में अभाविप विभाग संगठन मंत्री धीरज जायसवाल एवं भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ। रवि पांडे, भाजपा नगर अध्यक्ष आशीष नागर, भाजपा जिला महामंत्री रायसिंह मालवीय मंचासीन रहे। अध्यक्षता जनभागीदारी समिति अध्यक्ष विपुल कसेरा ने की।

अतिथियों द्वारा मां सरस्वती एवं स्वामी विवेकानंद जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। अतिथियों का परिचय प्रभारी प्राचार्य डॉ। एसके तिवारी ने दिया। विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए विधायक अरुण भीमावद ने कहा कि कड़ी मेहनत, लगन एवं सतत परिश्रम से किसी भी लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। जनभागीदारी अध्यक्ष विपुल कसेरा ने विकास कार्यों का ब्यौरा अतिथियों के समक्ष रखा। धीरज जायसवाल ने विद्यार्थियों के लिए राष्ट्रीय शिक्षा नीति के विभिन्न प्रावधानों को विधिवत पालन किए जाने पर बल दिया। डॉ। रवि पांडे ने विद्यार्थियों में राष्ट्र के प्रति समर्पण भावना पर जोर दिया। संचालन डॉ. बीएल मालवीय ने किया। आभार वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. वीपी मीणा ने माना।



### इन प्रतिभागियों ने मारी बाजी

स्नेह सम्मेलन में एकल गायन, एकल नृत्य, समूह नृत्य और भाषण प्रतियोगिता का आयोजन हुआ, जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। एकल गायन में शिवम परिहार, एकल नृत्य में हर्षिता मितोला, समूह नृत्य में बुलबुल राजपुत ग्रुप एवं भाषण प्रतियोगिता में रोहित कराड़ा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। समापन एवं पुरस्कार वितरण कार्यक्रम जिला पंचायत सीईओ श्रीमती अनुपमा चौहान के मुख्य आतिथ्य, जनभागीदारी अध्यक्ष विपुल कसेरा के विशेष आतिथ्य एवं अभाविप नगर मंत्री पवन गुर्जर की उपस्थिति में संपन्न हुआ। प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार एवं प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए।

### सम्मेलन को नहीं मिला छात्रों का स्नेह

बीकेएसएन कॉलेज में यूं तो 5 हजार से अधिक छात्र-छात्राएं पंजीकृत हैं, लेकिन स्नेह सम्मेलन के दौरान अधिकांश कुर्सियां खाली पड़ी रहीं। शेष कुर्सियों पर महाविद्यालय स्टाफ नजर आया। हंगामे के संबंध में कॉलेज के प्रभारी प्राचार्य डॉ। एसके तिवारी ने बताया कि महाविद्यालय में लगभग आठ साल बाद इस तरह का स्नेह सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। जनभागीदारी और कॉलेज के लोगों से चर्चा के बाद ही अतिथियों को आमंत्रित किया गया था। प्राचार्य ने सभी छात्रों और कार्यकर्ताओं से कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील भी की थी। घटना के बाद भी कॉलेज में सांस्कृतिक कार्यक्रम जारी रहें, इसलि पुलिस-प्रशासन एहतियात के तौर पर मौके पर मौजूद रहा।

### एनएसयूआई ने सम्मान नहीं मिलने का लगाया आरोप



बीकेएसएन कॉलेज में आयोजित स्नेह सम्मेलन कार्यक्रम के दौरान एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन किया। दोपहर करीब 12 से 1 बजे के बीच हुई इस घटना में कार्यकर्ताओं ने कॉलेज परिसर में जमकर नारेबाजी की। उनका आरोप था कि कार्यक्रम में उन्हें सम्मान नहीं दिया गया। विरोध प्रदर्शन के दौरान एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने कॉलेज प्रशासन के खिलाफ नाराजगी व्यक्त की। सूचना मिलते ही लालघाटी थाना पुलिस मौके पर पहुंची। लगभग 15 से 20 मिनट तक नारेबाजी के बाद स्थिति शांत हुई और कार्यक्रम सामान्य रूप से जारी रहा। एनएसयूआई कार्यकर्ता रोहित ने बताया कि उनका विरोध कॉलेज प्रशासन के रवैये को लेकर था। उन्होंने आरोप लगाया कि पुलिस प्रशासन भी पक्षपात कर रहा है। रोहित के अनुसार एक संगठन को कार्यक्रम में आमंत्रित किया गया, जबकि दूसरे संगठन को कुर्सियां तक नहीं दी गई, जो लोकतांत्रिक व्यवस्था के विरुद्ध है। उन्होंने यह भी कहा कि कॉलेज प्रशासन सरकार के दबाव में काम कर रहा है, इसलिए एनएसयूआई इस कार्यक्रम का बहिष्कार करता है।

## एक नजर में

### दिव्यांग बच्चों की पहचान और प्रमाण पत्र के लिए लगाए जाएंगे विशेष शिविर

**सोयतकलां।** सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा जिले में दिव्यांग बच्चों 0 से 18 वर्ष की शीघ्र पहचान एवं त्वरित दिव्यांगता प्रमाण पत्र जारी करने के उद्देश्य से विशेष शिविर आयोजित किए जाएंगे। इस संबंध में मंगलवार को कलेक्टर श्रीमती प्रीति यादव की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में बैठक आयोजित कर शिविरों की रूपरेखा तय की गई। बैठक में जानकारी दी गई कि जिले के सभी दिव्यांग बच्चों का चिन्हांकन कर उन्हें शीघ्र दिव्यांगता प्रमाण पत्र उपलब्ध कराया जाएगा। इसके लिए 12 मार्च से 18 मार्च तक जनपद पंचायत स्तर पर विकासखंडवार विशेष शिविर आयोजित किए जाएंगे। प्रथम शिविर 12 मार्च को प्रात: 11 बजे नवीन जिला चिकित्सालय प्रांगण, बड़ौद रोड, आगर में आयोजित होगा। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि सभी पात्र दिव्यांग बच्चों के दिव्यांगता प्रमाण पत्र अनिवार्य रूप से बनाए जाएं। जनपद पंचायत एवं नगरीय निकाय शिविरों का व्यापक प्रचार प्रसार कर अधिक से अधिक बच्चों की उपस्थिति सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि जिन अधिकारियों एवं कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है, वे अनिवार्य रूप से उपस्थित रहें तथा शिविरों का संचालन सुव्यवस्थित एवं शिकायत मुक्त ढंग से किया जाए। कलेक्टर ने दिव्यांग बच्चों की पहचान, स्क्रीनिंग एवं प्रमाणन प्रक्रिया को गंभीरता से संचालित करने तथा अधिक से अधिक पात्र बच्चों को लाभान्वित करने के निर्देश भी दिए।

### आसमानी उड़ान की दास्तां, सुनने जमीन पर बैठीं कलेक्टर



**सोयतकलां।** कलेक्टर प्रीति यादव ने आजीविका मिशन से जुड़ी समूह महिलाओं के बीच पहुंचकर उनके आत्मनिर्भर बनने की प्रेरक कहानियों को सुना। खास बात यह रही कि महिलाओं से संवाद के दौरान कलेक्टर स्वयं जमीन पर बैठ गईं और उनके लखपति बनने की दास्तां बड़े ध्यान से सुनी। कलेक्टर यादव और मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत बीएस सोलंकी ने आगर विकासखंड के ग्राम पालखेड़ी एवं तानोडिया का भ्रमण कर स्वयं सहायता समूहों द्वारा संचालित गतिविधियों का जायजा लिया। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत बीएस सोलंकी, जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी राजीव गुप्ता, जिला परियोजना प्रबंधक आजीविका मिशन संजय सक्सेना, जिला प्रबंधक मुकेश पवार, आजीविका मिशन के ब्लॉक सदस्य यशवंत मेवाड़ा, रिजवान खान, भरत शोभाकर सहित अन्य अधिकारी एवं ब्लॉक स्तरीय अमला उपस्थित रहा। कलेक्टर श्रीमती यादव ने अपने भ्रमण की शुरुआत ग्राम पालखेड़ी से की। यहां स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा संचालित पशु आहार निर्माण इकाई का अवलोकन किया। उन्होंने निर्माण प्रक्रिया को देखा तथा उत्पाद की गुणवत्ता और पैकेजिंग के संबंध में आवश्यक मार्गदर्शन दिया। महिलाओं ने बताया कि बैंक ऋण के माध्यम से विभिन्न गतिविधियों का संचालन कर वे आत्मनिर्भर बन रही हैं और कई महिलाएं लखपति दीदी बनने की दिशा में आगे बढ़ रही हैं। इस अवसर पर लोक अधिकार केंद्र संचालित करने वाली महिलाओं ने भी अपने कार्यों की जानकारी कलेक्टर को दी। इसके पश्चात कलेक्टर ने ग्राम तनोडिया का भ्रमण किया, जहां महिलाओं द्वारा निर्मित वॉशिंग उत्पाद, अगरबत्ती, घी, साड़ी सहित अन्य उत्पादों का निरीक्षण किया। महिलाओं से संवाद के लिए कलेक्टर जमीन पर बैठकर उनसे चर्चा करती नजर आईं। महिलाओं ने बताया कि वॉशिंग उत्पादों के अलावा समूहों द्वारा दाल निर्माण, चूड़ी निर्माण सहित कई गतिविधियों का संचालन किया जा रहा है। कलेक्टर श्रीमती यादव ने उत्पादों की मार्केटिंग व्यवस्था के बारे में जानकारी लेते हुए महिलाओं को उपयोगी सुझाव भी दिए। महिलाओं ने बताया कि वे बैंक सखी, ड्रोन सखी, बीमा सखी एवं कृषि सखी के रूप में भी कार्य कर रही हैं। इसके साथ ही श्एक बगिया मां के नाम् अभियान के तहत फलों के बगीचे भी तैयार किए गए हैं। गत वर्ष गेहूं उपार्जन कार्य में जुड़े समूहों की महिलाओं ने भी अपनी गतिविधियों से अतिथियों को अवगत कराया। कलेक्टर प्रीति यादव ने महिलाओं के उत्साह और आत्मविश्वास की सराहना करते हुए उन्हें और अधिक महिलाओं को समूह से जोड़ने के लिए प्रेरित किया।

### कटिंग टेलरिंग ट्रेड में उपलब्ध अनुपयोगी कपड़े विक्रय करने के लिए आवेदन आमंत्रित

**शाजापुर, 12 मार्च।** प्राचार्य औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था शाजापुर ने बताया कि शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था शाजापुर में कटिंग टेलरिंग ट्रेड में उपलब्ध अनुपयोगी कपड़े विक्रय करने के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। आवेदन 16 मार्च से 25 मार्च तक कार्यालयीन दिवस में समय दोपहर 12 से शाम 5 बजे तक प्राचार्य औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था शाजापुर के नाम से प्राप्त की जाएगी।

# जिला स्तरीय जनजागरूकता कार्यक्रम

**सोयतकलां। कलेक्टर प्रीति यादव के निर्देशानुसार सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा माता पिता एवं वरिष्ठ नागरिक भरण पोषण अधिनियम के अंतर्गत वरिष्ठ नागरिकों के लिए जिला स्तरीय सेंसिटाइजेशन एंड अवेयरनेस कार्यक्रम आयोजित किया गया।**

कार्यक्रम का शुभारंभ अनुविभागीय अधिकारी आगर मिलिंद ढोके, प्रभारी उप संचालक सामाजिक न्याय विजय चौरसिया, योगाचार्य हरीश श्रीवास्तव, पेंशनर एसोसिएशन के अध्यक्ष पंड्या जी, वृद्धाश्रम सचिव मीणा जेंट एवं शाखा प्रभारी सामाजिक न्याय निलेश झासिया द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया। कार्यक्रम के दौरान प्रभारी उप संचालक विजय चौरसिया ने प्रेजेंटेशन के माध्यम से वरिष्ठ नागरिक भरण पोषण अधिनियम के प्रावधानों की विस्तृत जानकारी दी। शाखा प्रभारी निलेश झासिया ने बताया कि अधिनियम के तहत वरिष्ठ नागरिकों को विशेष अधिकार प्रदान किए गए हैं, जिनके क्रियान्वयन हेतु वे अनुविभागीय अधिकारी के माध्यम से संबंधित अनुभाग में आवेदन प्रस्तुत कर भरण पोषण राशि की मांग कर सकते हैं। अनुविभागीय अधिकारी श्री ढोके ने जानकारी देते हुए बताया कि अधिनियम के अंतर्गत पात्र वरिष्ठ नागरिकों को प्रतिमाह अधिकतम 10 हजार रुपये तक भरणपोषण राशि प्राप्त करने का अधिकार है। उन्होंने कहा कि यदि सक्षम होने के बावजूद परिजन अपने वरिष्ठजनों की देखभाल या भरण पोषण नहीं करते हैं तो उनके विरुद्ध दंडात्मक प्रावधान भी लागू किए जा सकते हैं।

उन्होंने उल्लेख किया कि पारिवारिक भावनाओं के कारण अधिकांश माता पिता शिकायत दर्ज नहीं कराते, जिसके चलते जिले में प्रकरणों की संख्या अपेक्षाकृत कम रहती है। कार्यक्रम में पेंशनर एसोसिएशन, सेवानिवृत्त कर्मचारी संघ, पुलिस कर्मचारी पेंशन एसोसिएशन, वृद्धाश्रम प्रतिनिधियों सहित जिले के वरिष्ठ नागरिक, डीडीआरसी कर्मचारी एवं एसएसओ विशेष रूप से मौजूद रहे।

### वाहनों की चेकिंग में 51000 रुपए शमन शुल्क राशि वसूल

**शाजापुर।** कलेक्टर द्वारा दिए गए निर्देश के परिपालन में परिवहन विभाग द्वारा शाजापुर क्षेत्र में स्कूली वाहन दिल्ली स्मार्ट पब्लिक स्कूल, यात्री वाहन एवं अन्य वाहनों की सघन चेकिंग की कार्रवाई की गई। जिला परिवहन अधिकारी रीना किराड़े ने बताया कि वाहनों की चेकिंग के दौरान वाहनों के परमिट, फिटनेस, बीमा, पीयूसी आदि चेक किए गए, नियम विरुद्ध संचालित वाहनों पर कार्यवाही की गई। इस दौरान एक वाहन को जप्त किया गया एवं नियम विरुद्ध संचालित वाहनों से 51000 रुपए शमन शुल्क राशि वसूल की गई। वाहनों की चेकिंग की कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी।

## हिमांशी ने रग्बी में हासिल की नई ऊंचाई




**मक्सी। फेम गुरुकुल एकेडमी मक्सी की छात्रा हिमांशी चौहान ने राष्ट्रीय शालेय रग्बी प्रतियोगिता के लिए चयनित होकर विद्यालय का नाम रोशन किया है।**

हिमांशी का चयन 14 वर्ष आयु वर्ग में हुआ है और अब वह उड़ीसा के भुवनेश्वर में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लेंगी। फेम गुरुकुल एकेडमी के संचालक अखिलेश मंडलोई ने हिमांशी को इस अद्भुत सफलता पर बधाई दी और उनकी आगे की यात्रा के लिए शुभकामनाएं प्रेषित कीं। प्राचार्या श्रीमती सुनीता तोमर, उपप्राचार्य जॉनसन डेविड और समस्त शिक्षकों ने भी छात्रा को बधाई दी। इस उपलब्धि की जानकारी कोच सुनील कुमार चावड़ा ने दी।

### प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि का वितरण आज

**शाजापुर।** प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 22 वीं किश्त वितरण का कार्यक्रम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 13 मार्च को गुवाहाटी असम से किया जा रहा है। 22 वीं किश्त वितरण दिवस को पीएम किसान उत्सव दिवस के रूप में मनाया जायेगा। इसके लिए अपर कलेक्टर श्रीमती अनुपमा चौहान ने सभी अनुविभागीय अधिकारियों, तहसीदारों एवं जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को निर्देशित किया हैं कि विधायकों, सांसद सहित अन्य स्थानीय जनप्रतिनिधियों को जिला एवं ब्लॉक स्तर पर विधिवत आमंत्रित करें। जिला एवं ब्लॉक स्तर पर प्रोजेक्टर व बड़ी स्क्रीन के माध्यम से कार्यक्रम का प्रसारण किया जाए। जिले की ग्राम पंचायतों में कार्यक्रम के प्रसारण की व्यवस्था करें। योजनांतर्गत पटवारियों को नियत ग्राम के लिए वीएनओ नामांकित किया गया हैं, अत: सभी वीएनओ को कार्यक्रम में वर्चुअली सम्मिलित करें। वीएनओ कृषकों को भी कार्यक्रम में वर्चुअली सम्मिलित होने के लिए प्रेरित करेंगे एवं हितग्राहियों को किश्त प्राप्त करने हेतु पीएम किसान पोर्टल पर अवलोकन करने संबंधी जानकारी देंगे।

## भारत अभियान के अंतर्गत किया जाएगा स्वच्छता वीरों का सम्मान

**शाजापुर। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश आनंद कुमार तिवारी एवं समस्त न्यायाधीशगण द्वारा 14 मार्च को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत एवं स्वच्छ भारत न्यायपूर्ण भारत अभियान के अंतर्गत स्वच्छता वीरों को सम्मानित करने के उद्देश्य को लेकर प्रेस वार्ता आयोजित की गई।**

उन्होंने मीडिया प्रतिनिधियों से संवाद करते हुए बताया कि आगामी 14 मार्च को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत एवं स्वच्छ भारत न्यायपूर्ण भारत् अभियान के अंतर्गत स्वच्छता वीरों का सम्मान किया जाएगा। जिसके तहत जिले के स्वच्छता कर्मियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से न्यायधीशगणों के वेतन के राशि के सहयोग से लगभग 01 लाख 40 हजार रूपये की राशि से मुख्य नगरपालिका अधिकारी द्वारा प्रदत्त सूची के अनुसार जिले के 75 महिला एवं 137 पुरुष पंजीकृत सफाईकर्मियों को न्यायाधीशगण की ओर से लोअर टीशर्ट एवं साड़ी सेट वितरित किए गए। उन्होंने बताया कि आगामी नेशनल लोक अदालत के सफल आयोजन के लिए जिला मुख्यालय शाजापुर में 12 तथा तहसील न्यायालय शुजालपुर में 06 न्यायिक अधिकारियों की कुल 18 खण्डपीठें गठित की गई हैं। प्रत्येक खण्डपीठ में एक एक अधिवक्ता को सुलहकर्ता सदस्य के रूप में नामांकित किया गया है।

इसके अतिरिक्त उपभोक्ता फोरम में लंबित प्रकरणों के निराकरण के लिए पृथक रूप से विशेष खण्डपीठ क्रमांक 18 का गठन किया गया है। ऐसे प्रकरणों के पक्षकार एवं अधिवक्ता चाहें तो उपभोक्ता फोरम में संपर्क कर अपने प्रकरण नेशनल लोक अदालत में रखवा सकते हैं तथा लोक अदालत का लाभ प्राप्त कर सकते हैं। इस अवसर पर प्रभारी अधिकारी नेशनल लोक अदालत एवं विशेष न्यायाधीश अंजनी नंदन जोशी, श्रीमती नमिता बौरासी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शाजापुर सहित पत्रकारगण मौजूद थे।

# एनएसएस यूनिट एम्बेसडर रवि कुमार करेंगे अंतरराष्ट्रीय सीमा अनुभव यात्रा

## मां तुझे प्रणाम योजना के अंतर्गत करेंगे भ्रमण

**शाजापुर। मध्य प्रदेश शासन की मां तुझे प्रणाम योजना के अंतर्गत प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस बीकेएसएन गवर्नमेंट कॉलेज शाजापुर के एनएसएस यूनिट एम्बेसडर रवि कुमार का चयन भारत की अंतर्राष्ट्रीय सीमा अनुभव यात्रा के लिए हुआ है। शासन की इस गौरवशाली योजना का मुख्य उद्देश्य युवाओं के भीतर राष्ट्रभक्ति की अलख जगाना और उन्हें सीमा पर तैनात सैनिकों के अदम्य साहस, त्याग व कठिन परिश्रम से प्रत्यक्ष रूप से परिचित कराना है।**

इस छह दिवसीय यात्रा के दौरान रवि कुमार राजस्थान स्थित भारत की अंतर्राष्ट्रीय सीमा, ऐतिहासिक तनोट माता मंदिर एवं लोंगेवाला पोस्ट का अनुभव भ्रमण करेंगे। रवि कुमार विकासखंड मोहन बड़ोदिया क्षेत्र से एनएसएस के माध्यम से इस योजना के लिए चयनित होने वाले पहले छात्र हैं।



यात्रा पर रवाना करते हुए प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस बीकेएसएन गवर्नमेंट कॉलेज शाजापुर प्राचार्य डॉ. एसके तिवारी ने कहा कि मां तुझे प्रणाम योजना का मूल मंत्र युवाओं में राष्ट्र के प्रति समर्पण भाव को सुदृढ़ करना है।

वहीं प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस बीकेएसएन गवर्नमेंट कॉलेज शाजापुर एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि रवि कुमार का चयन उनकी निरंतर सेवा भावना और एनएसएस में सक्रिय भागीदारी का परिणाम है।

योजनांतर्गत सीमा दर्शन का उद्देश्य केवल भ्रमण नहीं, बल्कि हमारे सैनिकों के अदम्य साहस, उनके त्याग और चौबीसों घंटे किए जाने वाले कठिन परिश्रम को प्रत्यक्ष रूप से समझना है। इस अवसर पर डॉ। वीपी मीणा, डॉ. मीनू गिड़वाणी, डॉ. बीके सोलंकी, डॉ।बीएल मालवीय, सीनियर हर्षिता पाटीदार, एनएसएस एसयूओ लक्ष्मी पुष्पद, कौशल्या, एसयूओ शिवम परिहार, आशीष परमार, रवि मालवीय आदि के साथ प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस बीकेएसएन गवर्नमेंट कॉलेज शाजापुर के प्राध्यापकगण एवं बड़ी संख्या में स्वयंसेवक तथा एनएसएस मीडिया प्रभारी सुरेश कुमार चौरडिया उपस्थित रहे।

## एक नजर में

### बिना खाद्य पंजीयन के मिथ्याछाप आइसक्रीम और हल्दी पाउडर के कारोबार के लिए सुनवाई के बाद जारी किया आदेश

# एडीएम कोर्ट ने छह फर्मों के संचालकों पर लगाया एक लाख रुपए का जुर्माना

**सोयतकलां। तत्कालीन खाद्य सुरक्षा अधिकारी केएल कुम्भकार आगर द्वारा संयुक्त दल के साथ जांच में 29 अप्रैल 2022 को नारायण लाल बारेठ भारखादेवी जेके आइसक्रीम पार्लर सुसनेर से राजभोग आइसक्रीम तथा चॉकलेट कोण भड़कादेवी आइसक्रीम के दो सैंपल एकत्रित कर जांच के लिए राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भेज गए थे, जिनमें से राजभोग आइसक्रीम मानक तथा चॉकलेट कौन भारखादेवी आइसक्रीम का नमूना मिथ्याछाप पाया गया।**

इस प्रकरण में बिना खाद्य लाइसेंस पंजीयन के मिथ्याछाप आइसक्रीम के कारोबार करने के लिए नारायण बारेठ भारकादेवी आइसक्रीम पार्लर सुसनेर सहित थोक विक्रेता नंदगिरि महाकालेश्वर इंटरप्राइजेज इंदौर एवं निर्माता भारखदेवी आइसक्रीम पुंडिंडिया बारदौली गुजरात के विरुद्ध अभिहित अधिकारी द्वारा अभियोजन स्वीकृति प्राप्त कर मामला न्याय निर्णायक अधिकारी अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत किया गया। आरपी वर्मा न्याय निर्णायक अधिकारी आगर के न्यायालय द्वारा दोनों पक्षों को पर्याप्त सुनवाई के अवसर देने के बाद निष्कर्षत का कारोबार करने का दोषी जिसमें तीनों आरोपी पर एक एक लाख रुपए का जुर्माना राशि से दंडित किया।

दूसरे प्रकरण में भरत कुमार गर्ग बालाजी ट्रेडर्स पीपलोंन कलां से 1 फरवरी 2021 को लिए गए प्रेस्टीज रिफाइंड सोयाबीन तेल पाउच तथा हल्दी पाउडर पुष्प 200 ग्राम के दो नमूने लिए थे, जिनमें से सोयाबीन तेल मानक जबकि हल्दी पाउडर का नमूना मिथ्या छाप पाया गया। जिसमें विधिवत अभियोजन स्वीकृति प्राप्त कर प्रकरण सक्षम न्यायालय में दायर किया गया। जिसमें दोनों पक्षों को सुनवाई के लिए पर्याप्त अवसर दिए गए अंतत: 5 साल बाद फुटकर विक्रेता भरत कुमार गर्ग बालाजी ट्रेडर्स पीपलोंन कलां थोक विक्रेता श्री राम एजेंसी उज्जैन तथा पुष्प ब्रांड इंडिया प्रालि इंदौर के संचालकों पर आदेश दिनांक 11 मार्च 2026 के अनुसार न्यायालय न्याय निर्णयक अधिकारी पदेन अपर जिला मजिस्ट्रेट जिला आगर एक एक लाख रूपये जुर्माना राशि अधिरोपति की गई है। छह अभियुक्त गणों को उक्त राशि 15 दिवस में लाइसेंस फीस एवं दंड आदि में जमा करवाना होगा, अन्यथा संबंधित क्षेत्र के तहसीलदार के माध्यम से वसूली कुर्की की कार्यवाही भूराजस्व संहिता तथा अधिनियम की धारा 96 अनुसार बकाया राशि के रूप में की जाएगी तथा राशि जमा नहीं करने तक संबंधित की खाद्य अनुज्ञप्ति पंजीयन निर्लंबित रहेगी।